दो साल में दोनों भाइयों समेत चार फैमिली मेंबर्स को खो चुके एक्टर ने कहा- अब इस घर में मैं अकेला रह गया हूं

रणधीर कपूर दोनों छोटे भाइयों पहले ऋषि और फिर राजीव को खोने के बाद वे घर में अकेले रह गए हैं। उन्होंने एक अंग्रेजी न्यूज वेबसाइट से बातचीत में दर्द बयां किया। रणधीर ने कहा, ''मैं नहीं जानता क्या हो रहा है? मैं ऋषि और राजीव के एक बराबर करीब था। मैंने अपने परिवार के चार सदस्यों को खो दिया। मेरी मां कृष्णा राज कपूर, बड़ी बहन रितु नंदा, ऋषि और अब राजीव।'' 1 अक्टूबर 2018 को कृष्णा राज कपूर, 14 जनवरी 2020 को रितु नंदा, 30 अप्रैल 2020 को ऋषि कपूर और 9 फरवरी 2021 को राजीव कपूर का निधन हुआ। रणधीर के मुताबिक, इन चारों से ही उनकी सबसे ज्यादा बात होती थी।

'अब मैं अकेला रह गया हूं'

रणधीर ने ई-टाइम्स से बातचीत में राजीव कपूर के अंतिम पलों के बारे में भी बताया। वे कहते हैं, ''जब से नर्व रिलेटेड इश्यू के चलते मुझे चलने में परेशानी हुई है, तब से एक नर्स 24 घंटे मेरे पास रहती है। सुबह 7:30 बजे जब वह राजीव को जगाने गई तो उन्होंने कोई रिस्पॉन्स नहीं दिया। नर्स ने उनकी पल्स चेक की, जो कि काफी लो थी और कम होती जा रही थी। हम उन्हें लेकर तुरंत अस्पताल भागे। लेकिन उन्हें बचाने की सभी कोशिशें नाकामयाब रहीं। अब मैं अकेला रह गया हूं।'' 58 साल के राजीव जो हार्ट अटैक आया था।



शुक्रवार को प्रेयर मीट हुई थी

मुंबई में शुक्रवार शाम दिवंगत राजीव कपूर के लिए प्रेयर मीट रखी गई थी। इस प्राइवेट प्रेयर मीट में नीतू, रणबीर, रणधीर, बबिता, करिश्मा समेत कपूर फैमिली के सदस्यों के अलावा सैफ अली खान, बोनी कपूर और आलिया भट्ट जैसे चुनिंदा सेलेब्स भी नजर आए थे। इस मौके पर राजीव की आत्मा की शांति के लिए पूजन की गई थी।

आखिरी फिल्म नहीं देख आए राजीव

राजीव अपनी कमबैक फिल्म 'तुलसीदास जूनियर' की रिलीज नहीं देख सके। यह फिल्म इस साल रिलीज होने वाली है, जिसके जरिए वे 30 साल बाद बॉलीवुड में वापसी करने को तैयार थे। इस फिल्म को मृदुल ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म में संजय दत्त और दलीप ताहिल की अहम भूमिका है। फिल्म के निमार्ता आशुतोष गोवारिकर ने बताया कि उनकी टीम ने फिल्म के प्रमोशन के लिए हाल ही में राजीव से संपर्क किया था।

'आरआरआर': डायरेक्टर एसएस राजामौली की 'RRR' के हिंदी वर्जन में आलिया भट्ट गाएंगी दो गाने, इसमें से एक डांस नंबर होगा

'बाहुबली' फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'RRR'को लेकर एक खबर सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, आलिया भट्ट अपनी इस फिल्म में खुद के लिए दो सॉन्ग गाने वाली हैं। इससे पहले आलिया ने डायरेक्टर इम्तिआज अली की फिल्म 'हाईवे' और शशांक खेतान की 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में खुद के लिए गाना गाया था।

फिल्म के सिर्फ हिंदी वर्जन के लिए गाएंगी गाने

सूत्रों के मुताबिक, साउथ के सुपर स्टार राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर 'RRR' में आलिया एक गाने और एक डांस नंबर को अपनी आवाज दे सकती हैं। आलिया इस फिल्म के सिर्फ हिंदी वर्जन में खुद के लिए दोनों गाने गाएंगी। फिल्म को 5 भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा।

'RRR' 13 अक्टूबर को होगी रिलीज

कुछ दिनों पहले राजामौली की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'RRR' की रिलीज डेट की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की गई थी। इस बात की जानकारी आलिया भट्ट ने 25 जनवरी को सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर कर दी थी। आलिया भट्ट ने पोस्टर शेयर कर लिखा था, '' 'RRR' के लिए तैयार हो जाइए। 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज।''

राम चरण और जूनियर एनटीआर के अलावा अजय देवगन, श्रिया सरन और आलिया भी फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए निमार्ता डीवीवी दानय्या ने कहा था, ''हम 'RRR' की शूटिंग शेड्यूल के अंत के करीब पहुंच गए हैं और इस फिल्म को दर्शकों के सामने लाने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। हम दर्शकों के साथ सिनेमाघरों में दशहरा जैसे बड़े उत्सव को मनाने के लिए भी बेहद उत्साहित हैं।''

कोरोना के कारण टाल दी गई थी रिलीज डेट

फिल्म डीवीवी एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले बन रही है। यह फिल्म 1920 के दशक के क्रांतिकारियों अल्लूरी सीतारामा राजू और कोमाराम भीम की लाइफ पर बेस्ड है। पहले यह मल्टी-स्टारर पीरियण ड्रामा फिल्म 8 जनवरी 2021 को रिलीज होनी थी। लेकिन कोरोनावायरस और लॉकडाउन के कारण इस फिल्म की रिलीज डेट को टाल दिया गया था।

जान्हवी कपूर, वरुण शर्मा और राजकुमार राव की 'रूही' का टीजर जारी

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, वरुण शर्मा और अभिनेत्री जान्हवी कपूर की मोस्ट अवेटिड फिल्म 'रूही' का पहला टीजर रिलीज हो गया है। इस टीजर में एक ओर जहां इसके ट्रेलर के बारे में जानकारी दी गई है तो वहीं दूसरी ओर फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही रूही का टीजर सोशल मीडिया पर वायरल होना भी शुरू हो गया है।

जान्हवी कपूर ने फिल्म का टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। टीजर को साझा करने के साथ ही कैप्शन में जान्हवी ने लिखा है, 'इस भूतिया शादी में आपका स्वागत है। सिनेमाघरों में जादू लौट रहा है।' बता दें कि फिल्म 11 मार्च को रिलीज हो रही है।

फिल्म के पहला टीजर अच्छा है और इसे देखकर कर लग रहा है कि फैन्स को जल्दी ही एक अच्छी हॉरर- कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। फिल्म रूही का पहला टीजर आज रिलीज हुआ है और इसका ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया जाएगा।

इंडस्ट्री किड्स को 'ड्रगी' कहने पर सुनील शेट्टी को है शिकायत, कहा- हम अच्छे लोग हैं, लेकिन...

बॉलीवुड इंडस्ट्री में स्टार किड्स को लेकर लगातार बातें होती रहती हैं। एक्टर सुनील शेट्टी भी इस बात से वाकिफ हैं कि स्टार किड्स की लाइफस्टाइल, फिल्म इंडस्ट्री में ड्रग्स के शामिल होने पर पिछले दिनों कितनी चचाएं हुई हैं। हालांकि, वह अपने बच्चों- अथिया शेट्टी और अहान को लेकर कॉन्फिडेंट हैं, लेकिन उन्हें इस बात की तकलीफ है कि लोगों का स्टार किड्स को लेकर गलत पर्सेपशन बन रहा है।



सुनील शेट्टी ने एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए बताया, ''मैं अपने बच्चों के लिए चिंता नहीं करता हूं। मैं सामान्य रूप से इंडस्ट्री में बच्चों को लेकर चिंतित हूं। इंडस्ट्री में सभी बच्चों को ड्रगी बुलाया जाता है। हम ऐसे नहीं हैं। हम अच्छे लोग हैं। हम लोग पूरी तरीके से सामाजिक लोग हैं और सीएसआर करते हैं, जिसके लिए मैं काफी वोकल भी हूं। मैं एक साफ-सुथरे, अच्छे और फ्रेंडली वातावरण का समर्थन करता हूं।''

बॉलीवुड एक्टर का कॉन्सेप्ट जियो और जीने दो का है। उन्होंने कहा, ''मेरे रास्ते में असफलता कभी नहीं आई। मैं पांच फ्लॉप के बाद भी सुनील शेट्टी हूं। आप मुझे नहीं बता सकते कि कैसे चलना है और बात करना है। आप मेरे बारे में कह सकते हैं कि वह एक फ्लॉप एक्टर हैं, लेकिन आप जीवन में कहां हैं? आप कौन हैं? मैं ये सवाल पूछूंगा अगर आप व्यक्तिगत होंगे। आप अपना जीवन जी रहे हैं और मैं अपना जीवन जी रहा हूं। इसलिए, कोई जजमेंट नहीं देना चाहिए।''

डॉगी के नाम पर रखा गया है फिल्म का टाइटल, डेमो फ्लैट में शूट करने के लिए मेकर्स हर दिन दे रहे सवा दो लाख रुपए किराया

साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'लाइगर' की शूटिंग में बिजी हैं। पिछले दो दिनों तक अनन्या ने इस फिल्म की शूटिंग बांद्रा की एक निमार्णाधीन इमारत में की। दरअसल, कोरोना के चलते मुंबई के रिहायशी इलाकों में शूट की परमिशन नहीं मिल रही है। ऐसे में मेकर्स या तो मुंबई से बाहर जाकर शूट कर रहे हैं। या फिर शहर में बन रही इमारतों का ही सहारा ले रहे हैं।

सेट से जुड़े सूत्र के मुताबिक, डेमो फ्लैट में शूट करने के लिए मेकर्स हर दिन सवा दो लाख रुपए किराया दे रहे हैं। इसके अलावा बिल्डर ने मेकर्स से 4 लाख रुपए डिपॉजिट भी करवाए हैं। ताकि फ्लैट में संभावित कोई नुकसान हो तो भरपाई जमा करवाए गए पैसों से की जा सके। डेमो फ्लैट में गुरुवार और शुक्रवार को तो सिर्फ अनन्या पांडे ने अपने हिस्से की शूटिंग की है। शनिवार को विजय देवराकोंडा मुंबई पहुंचे हैं। अब आगे वह इस डेमो फ्लैट में अपने हिस्से का शूट करेंगे।

सूत्र के मुताबिक, अनन्या ने बांद्रा के निमार्णाधीन बिल्डिंग की 13वीं मंजिल पर बने फ्लैट में शूटिंग की है। बिल्डिंग के कंपाउंड में 150 जूनियर आर्टिस्ट ने भी शूट किया। सीन के तहत अनन्या का किरदार बहुत पॉपुलर हो चुका है। उनके फैंस का जमावड़ा उस बिल्डिंग के नीचे हो जाता है। शूटिंग के दौरान सेट पर फिल्म की प्रोड्यूसर चार्मी कौर भी मौजूद थीं।

सूत्र के मुताबिक, चार्मी कौर के कहने पर करण जौहर ने फिल्म का टाइटल चेंज किया है। पहले टाइटल 'फाइटर' था। बाद में इसे 'टाइगर' किया जाना था। पर वह सलमान खान की फिल्म के नाम से मेल खा रहा था। ऐसे में चार्मी कौर ने नाम सुझाया कि क्यों न इस फिल्म का टाइटल उनके डॉगी 'लाइगर' के नाम पर रखा जाए, जो ताकत और वफादारी का प्रतीक है। मेकर्स को उनका यह आइडिया पसंद आया। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'लाइगर' फाइनल किया गया था।

लॉफिंग ज़ोन

पति पत्नी से -शादी के समय तुम्हारा फिगर कोक की बॉटल जैसा था।

पत्नी- डार्लिंग वो तो अभी भी हूं। पहले 300 एमएल जैसा था अब 1.5 लीटर जैसा है।

▯ ▯ ▯

संता- कल पडोसन मेरे सपने में आई थी।

पत्नी- अकेली आई होगी।

संता- तुम्हे कैसे पता।

पत्नी- उसका पति तो मेरे सपनों में आया था।

▯ ▯ ▯

बीबी कब कैसी लगती है।
सगाई के पहले चंद्रमुखी,
शादी के बाद सूर्यमुखी,
10 साल बाद ज्वालामुखी,
20 साल बाद तु मुझसे में तुझसे दु:खी।

▯ ▯ ▯

आज पत्नी से झगडा हो गया , मांगीलाल ने अपने मित्र से कहा ।

मित्र ने पूछा, तो घर जा रहे हो । हां, और कहां जाऊगा।

लो ये एक नोट हल्दी-चुना खरीदते हुए घर चले जाना, दोस्त ने हमददर्दी से कहा।

स...स...सन्नाटेदार



सूडोकु नवताल- 4396

★★★★☆ मध्यम

3						8		
	4			2				6
5					9			
			6			4		
	1						7	
		2			8			
			1					2
8				7			3	
		9						5

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -4395 का हल

3	1	7	2	8	4	9	6	5
6	9	8	5	7	1	2	3	4
4	5	2	3	6	9	7	8	1
1	4	6	7	5	3	8	9	2
8	7	3	4	9	2	1	5	6
5	2	9	8	1	6	4	7	3
9	6	4	1	3	8	5	2	7
2	3	5	9	4	7	6	1	8
7	8	1	6	2	5	3	4	9

काकुरो पहेली - 4396



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+ 8 + 9 = 23
7+ 8 + 9 = 24
1 +2+ 3 + 4+5 = 15
1 +2+ 3 + 4+6 = 16

काकुरो - 4395 का हल

MANGAL SENCHA,P.B.NO.3909, BANGALORE-39

शब्दजाल - 4396

अ	क	ल	व	दे	ह	रा	दू	न	ल	क
र	ल्मो	ल	रु	व	जी	ग	द	इ	ट	ली
ग	स	ड	ल	द्र	छ	पु	चं	पा	व	त
क	ढ़	ज	य	पु	प्र	न	प	न	ल	उ
क	क	वा	ग	श्री	लं	या	तू	ग	झ	ध
जी	क	ल	ल	ह	झ	पू	ग	ण	घ	म
उ	आ	नै	नी	ता	ल	ल	श	र	ला	सिं
क	त्त	दा	ई	धा	ब	क	फ	लो	श	ह
च	बा	र	न	ब्रा	जी	ल	री	ग	प	न
मो	पा	ल	का	व	ह	रि	द्वा	र	प	ग
ली	क	ल	प	शी	न	रा	बा	द	प	र

शब्द जाल में उत्तरांचल के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अल्मोडा, चमोली, चंपावत, देहरादून, गढ़वाल,हरिद्वार,नैनीताल,रुद्रप्रयाग, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी

शब्दजाल - 4395 का हल



मंगल सेंचा, बेंगलोर

फिल्म वर्ग पहेली- 4396



ऊपर से नीचे:-

1. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-2
2. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-2
3. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-4
4. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-3
6. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-3
8. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-2
9. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-3
10. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-3
11. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-3
12. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-2
13. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-3
16. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-2
18. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-3
20. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-3
21. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-2,1
22. फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-2
25. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-4
26. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-3
28. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-3
29. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-2
31. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-2

बायें से दायें:-

1. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-2,2
5. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-3
7. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-2,3
9. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-3
11. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-2,3
14. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-2
15. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-2
17. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-3
19. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-2
21. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-4
23. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-3
24. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-2,2
26. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-2
27. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-3
30. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-4
32. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-3
33. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-2

फिल्म वर्ग पहेली- 4395 का हल

बा	ग	बा	न		खु		स	ल	मा
गी		द		आ	शी	र्वा	द		लि
	स	ल	मा	न			मा	शू	क
खौ	फ		या		वा	दा		ल	
	र	न		पा	प		भू		प
का		या	दे		स	पू	त		रा
म	नो	ज		जीं		र्णि		छा	या
चो		मा	चि	स		मा	ला		ध
र	वी	ना			ब्लै		ड़		न
	रू		न	म	क	ह	ला	ल	

■ मंगल सैंचा, बेंगलोर

अष्टयोग-4396

	2	5	6			3
2	26	4	40		38	
4	2			5	1	
5	34	3	37	6	30	1
	1	7			5	2
	33		24	1	27	6
7	6		4	2	3	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4395 का हल

4	3	7	1	6	2	5
3	29	6	37	2	31	1
1	2	3	7	5	6	4
5	30	1	30	4	31	6
7	6	5	4	1	3	2
2	33	4	31	3	30	7
6	1	2	5	7	4	3

शब्द पहेली - 4396



बाएँ से दाएँ

1. कुछ कम दाम पर, कुछ घाटा उठाकर -2,2
3. कृष्ण, किशन-4
5. छोटा बगीचा-3
7. जन्म, उत्पत्ति, समागम-3
8. एक पकवान-3
10. चढ़ाई, हमला-2
12. सिक्खों के आदि-गुरू-5
14. संबंध, लगाव, नाता-2
15. वंशवृक्ष, पटवारियों के पास रहने वाला खेतों का नक्शा-3
17. एशियाई रूस की एक तुर्क जाति-3
18. दृष्टि, निगाह-3
19. यशोगान, गुणगान (मु.-2,2)
20. टालमटूल-4

ऊपर से नीचे

1. उद्योग-संबंधी-4
2. जिसकी सीमा न हो, बेहद, अपार-3
3. भारत का एक पड़ोसी देश-3,2
4. हिफाजत, सुरक्षा, देखरेख-4
6. अति कष्ट, पीड़ा-3
9. विलीन हो जाना- (मु.2,1,2)
11. प्रस्थान, प्रयाण-4
13. भार, तौल-3
16. राजस्थान का रहने वाला-4
17. सीमा, सीमान्त-3

शब्द पहेली -4395 का हल

दू	र	की	बा	त		का	ज	ल
र	वि		जा		अ	ग	ला	
क		आ	र	क्ष	क		श	ब्द
र	ज	त		मा	ल		य	
ना		शी		म		क		आ
	स		अ	ण्ड		ल	क	वा
मा	मा		क	ल	वा	र		ग
	चा	ली	स		च		आ	म
प	र	ख		पा	क	दा	म	न

■ मंगल सैंचा, बेंगलोर